संख्या -BSDM/SDM-64/2020- 1700

**बिहार सरकार**

**बिहार कौशल विकास मिशन**

**श्रम संसाधन विभाग**

प्रेषक,

मनीष शंकर,
मिशन निदेशक,
बिहार कौशल विकास मिशन
बिहार, पटना

सेवा में,

सभी BSCFA केन्द्र संचालक,
बिहार

पटना, दिनांक- 29.7.25

विषयः- BSCFA प्रशिक्षण केन्द्रों के नामांकन की समीक्षा एवं आवश्यक सुधार हेतु निर्देश।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित BSCFA पाठ्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से सभी प्रशिक्षण केन्द्रों को बार-बार निर्देशित किया गया है कि वे समयबद्ध रूप से निर्धारित सीटों के अनुसार प्रशिक्षार्थियों का नामांकन सुनिश्चित करें।

हाल के विश्लेषण के अनुसार यह देखा गया है कि कई केन्द्रों में नामांकन की स्थिति 50% से भी कम है, जो अत्यंत असंतोषजनक है। इस पत्र के माध्यम से आप सभी को सूचित किया जाता है कि यदि आपके केन्द्र पर 30 सितम्बर 2025 तक BSCFA पाठ्यक्रम के अंतर्गत नामांकन 50% उपयोग, योग्य सीट से कम रहता है, तो BSDM द्वारा आपके केन्द्र से BSCFA पाठ्यक्रम को वापस लिया जा सकता है तथा अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है।

आपसे अपेक्षा है कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र नामांकन की प्रक्रिया को तीव्र करें एवं आगामी तिथि से पहले निर्धारित सीमा तक नामांकन सुनिश्चित करें।

आपके केन्द्र की प्रगति की समीक्षा 30 सितम्बर 2025 तक के उपलब्धि के अनुसार की जाएगी तथा समीक्षोपरांत केन्द्र के भविष्य में संचालन हेतु उचित निर्णय लिया जायेगा।

विश्वासभाजन,

Signed by
Manish Shanker
Date: 28.07.2025 14:30:02

मनीष शंकर,
मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन
बिहार, पटना

ज्ञापांक- BSDM/SDM-64/2020- 1700 पटना, दिनांक- 29.7.25

प्रतिलिपि-

1. सभी संबंधित एजेंसियों/संचालनकर्ताओं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. सभी जिला कौशल प्रबंधक, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन,
बिहार, पटना ।

Scanned with OKEN Scanner